बरेली, बुधवार
8 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 02, BOTTOM

गुड एफर्ट

जिले में अब तक 1,145 किशोरियों का हो चुका है वैक्सीनेशन

HPV वैक्सीनेशन में CHC मीरगंज टॉपर

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भोजीपुरा ब्लाक के मेडिकल कालेज में भी एचपीवी टीकाकरण शुरू

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (7 April): सर्वाइकल कैंसर के बचाव को मीरगंज सीएचसी में सबसे अधिक 14 वर्षीय 131 किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) का टीका लग जा चुका है। अब तक जिले में 1,145 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है. विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भी 104 किशोरियों को टीका लगाया गया. भोजीपुरा ब्लाक में एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के टीकाकरण क्लिनिक में टीकाकरण शुरू किया गया और पांच किशोरियों को टीका लगाया गया.

भोजीपुरा ब्लाक में छात्राओं का हुआ एचपीवी टीकाकरण.

सुरक्षा करता है प्रदान

एसआरएमएस में आयोजित कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष बाल रोग डा. वंदना नेगी ने बताया कि सही समय पर टीकाकरण भविष्य में गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है. डा. मनोज टांगरी प्रो. स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग ने एचपीवी संक्रमण के खतरों और उससे बचाव में वैक्सीन की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी. कम्युनिटी मेडिसिन के एसोसिएट प्रोफेसर डा. अभिनव पांडे ने कहा कि देशव्यापी अभियान एचपीवी संक्रमण के बोझ को कम करने और इससे होने वाली मृत्यु दर को घटाने में मील का पत्थर साबित होगा.

82 किशोरियों को लगा टीका

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विश्राम सिंह ने बताया कि नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम-आईसीएमआर 2024 के डेटा के अनुसार देश में साल भर में कैंसर के करीब 78 हजार नए मामले सामने आए और 42 हजार से अधिक महिलाओं ने अपनी जान गंवा दी. लगभग 99 प्रतिशत मामलों का कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस है जिसे एक छोटी सी वैक्सीन से रोका जा सकता है. जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. प्रशांत रंजन ने बताया कि अब तक सीएचसी मीरगंज में सर्वाधिक 131, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगतपुर में 110, जिला महिला चिकित्सालय में 93, पीएचसी रामनगर में 86 और सीएचसी फतेहगंज में 82 किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण हुआ है.